वाणिज्य विषय में महाविद्यालय को शोध केंद्र की मान्यता

विक्रम विश्वविद्यालय के द्वारा लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय को वाणिज्य विषय में शोध केंद्र की मान्यता प्रदान की गई।

वाणिज्य विषय में निरीक्षण समिति के द्वारा दिनांक 29 /12 /2020 को महाविद्यालय में निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाएं, समृद्धि पुस्तकालय, शोध पत्रिकाएं, पुस्तकें, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक नियमानुसार शिक्षकों की नियुक्ति आदि के आधार पर मान्यता प्रदान की गई । निरीक्षण समिति की अनुशंसा को विध्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में एवं अनुशंसा शर्तों के अधीन कार्य परिषद की बैठक में दिनांक 22/01/ 2021 को वाणिज्य विषय में शोध केंद्र को मान्य किया गया ।